Appointment of Press Council

568. SHRI VASANT SATHE: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are considering a proposal to set up the new Press Council shortly;

(b) if so, since when the proposal is under consideration;

(c) details of decision taken; and

(d) if not, how soon the decision could be expected to be announced?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) to (d). The Press Council Act, 1978 to establish a Press Council has come into force with effect from 7th September, 1978. Action to establish the Council in accordance with the provisions of the Act is on hand and it is hoped that the process will be completed soon.

सिंगरौली (मध्य प्रदेश) में सुपरतापीय विद्युत केन्द्र की स्थापना

569. श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के सिंगरौली क्षेत्र में कोयले के भारी निक्षेप पाए गए हैं ;

(ख) क्या 1972-73 में सोवियत संघ के विशेषज्ञों के एक दल ने एक सुपरतापीय विद्युत केन्द्र की स्थापना की संभाव्यता का पता लगाने के लिए केन्द्रीय तथा राज्य के अधिकारियों के साथ सिंगरौली का दौरा किया था ;

(ग) यदि हां, तो क्या उपरोक्त दल ने सिंगरौली तहसील में उसी स्थान पर सुपरतापीय विद्युत केन्द्र स्थापित करने का सुझाव दिया था ; और

(घ) क्या मध्य प्रदेश में विद्युत की भारी कमी को देखते हुए सरकार का विचार छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान उक्त विद्युत केन्द्र स्थापित करने का है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) : जी, हां । सिंगरौली कोयला क्षेत्र के दीर्घावधि विकास के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन, केन्द्रीय खनन आयोजना और प्रारूपण संस्थान ने सोवियत संघ के विशेषज्ञों के सहयोग से 1974 में तैयार किया था । खुले मुहाने की वृहत् यंत्रीकृत खानों के विकास के लिए विभिन्न खनन खण्ड इस अध्ययन से अधिज्ञात किए जा सके थे । सिंगरौली कोयला क्षेत्रों से उपलब्ध कोयले के आधार पर सुपरताप विद्युत केन्द्र की स्थापना करने के संबंध में इस अध्ययन दल ने कोई सिफारिश नहीं की थी ।

(घ) इस प्रश्न के भाग (ख) और (ग) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में बाढ़ग्रस्त लोगों के लिये प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय सहायता कोष से धनराशि

570. श्री सरत कार :
श्री रामदेव सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष दिल्ली में हुई भारी वर्षा और बाढ़ के पीड़ितों की सहायता के लिये लोगों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सहायता कोष में कुल कितनी राशि का योगदान दिया है ; और

(ख) सरकार ने इसमें से कुल कितनी राशि बाढ़ग्रस्त लोगों में बांटी है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) (क) दिल्ली और भारत के अन्य भागों में बाढ़ के परिणामस्वरूप 1 जुलाई से 15 नवम्बर, 1978 तक प्रधान मंत्री राष्ट्रीय कोष में जो अंशदान प्राप्त हुए उनकी कुल राशि 3,28,98,730.40 रुपये है । चूंकि इस अवधि के दौरान दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में बाढ़ आई इसलिए दिल्ली के मामले में अलग से आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) इस कोष से दिल्ली में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दिल्ली प्रशासन को 10 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है ।